Majority of the members who expressed their opinion on this wanted farmers to be kept outside the dragnet of income-tax so that farmers can devote their time and energies for doing farming.

कृषि क्षेत्र को राज सहायता

799. **डा. जितेन्द्र कुमार जैन** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विश्व के अनेक विकासशील और विकसित देशों में कृषि क्षेत्र को राजसहायता प्रदान की जाती है;

(ख) यदि हां, तो अमरीका, जापान, आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूगोस्लाविया तथा यूरोपीय आर्थिक समुदाय के अन्य यूरोपीय देशों में कितने-कितने प्रतिशत राज सहायता प्रदान की जाती है;

(ग) क्या यह भी सच है कि सरकार ने देश में कृषि क्षेत्र में राजसहायता को धीरे-धीरे समाप्त करने का निर्णय लिया है; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) जी, हां ।

(ख) उर्वरक समाचार (फर्टिलाइजर न्यूज) सितम्बर, 1992 के अनुसार, 1990 में कृषि उत्पादन के मूल्य की तुलना में राजसहायता की प्रतिशतता निम्न प्रकार से है :—

देश	कृषि उत्पादन के मूल्य की तुलना में प्रतिशतता
जापान	68
यूरोपीय समुदाय	48
संयुक्त राज्य अमेरिका	30
कनाडा	41
आस्ट्रेलिया	11

(ग) और (घ) सरकार की नीति का उद्देश वित्तीय असंतुलन घटाने की दृष्टि से कृषि सहित अर्थव्यवस्था में राजसहायता का स्तर कम करना है ताकि विकास संबंधी कार्यकलाप गैर-मुद्रा स्फीति तरीके से वित्त पोषित की जा सकें । तदनुसार उर्वरकों पर राजसहायता कम की गई है । तथापि कृषकों को बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्यों के माध्यम से पर्याप्त रूप से क्षतिपूर्ति प्रदान की गई है ।

कृषि उत्पादन लागत में वृद्धि

800. **डा. जितेन्द्र कुमार जैन :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न उर्वरकों की कीमतों में वृद्धि के परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन लागत में प्रति हेक्टेयर चार सौ रुपये की वृद्धि होने का अनुमान है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि डीजल की कीमतों में वृद्धि तथा विभिन्न राज्य विद्युत बोर्डों द्वारा विद्युत प्रभार बढ़ाये जाने के कारण कृषि उत्पादन लागत में और अधिक वृद्धि होने का अनुमान है;

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त वृद्धियों के परिणामस्वरूप सरकार द्वारा इस वर्ष उत्पादन लागत में कितने प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान लगाया है;

(घ) क्या यह भी सच है कि लागत में वृद्धि का प्रभाव कृषि उत्पादन पर भी पड़ेगा; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार द्वारा हाल ही में घोषित रियायतों के परिणामस्वरूप बढ़ी हुई लागत में कितने प्रतिशत कमी होने का अनुमान है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) विभिन्न उर्वरकों की कीमत में वृद्धि के फलस्वरूप प्रमुख उत्पादक राज्यों में गेहूं और धान की विभिन्न फसलों की प्रति हैक्टेयर खेती की लागत 100 रुपये से 250 रुपये बढ़ने की संभावना है । कीमत में वृद्धि उर्वरकों के उपयोग स्तर और कुल उर्वरकों में एन. पी. के. के अनुपात पर निर्भर करेगी । मोटे अनाज, दलहन और कपास जैसी सिंचित फसलों के मामले में जहां उर्वरकों का उपयोग काफी कम

होता है, प्रति हैक्टेयर खेती की लागत में वृद्धि बहुत कम होगी ।

(ख) डीजल की कीमत में वृद्धि के कारण और बिजली में वृद्धि होने पर भविष्य में फसलों की खेती/उत्पादन की लागत में भी वृद्धि हो सकती है ।

(ग) खेती की कुल लागत में डीजल का अंश मशीनीकरण के स्तर और सिंचाई में पम्पसेटों के उपयोग के आधार पर विभिन्न फसलों/राज्यों में 1 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक रहता है । डीजल की कीमत में वृद्धि के फलस्वरूप इस वर्ष उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि केवल 0.50 से 1.0 प्रतिशत तक हो सकती है ।

(घ) और (ङ) : निवेश कीमतों में वृद्धि के कारण उत्पादन की लागत में वृद्धि कृषि उत्पादन पर केवल सीमान्त होगी क्योंकि सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य ज्यादा निर्धारित किए जाने के फलस्वरूप किसानों को पर्याप्त क्षतिपूर्ति किये जाने की संभावना है ।

Floods in Jammu Region

801. SHRI KRISHAN LAL SHARMA:
SHRI JAGMOHAN :

Will the Minister of AGRICULTURE he pleased to state :

(a) loss of life and property and crop due to recent floods in the three regions of Jammu and Kashmir;

(b) the details of allocations made to the three regions of the State to provide relief, region-wise;

(c) whether it is a fact that Akhnoa bridge was washed away as a result of recent floods:

(d) whether any enquiry has been ordered to look into this and if so, the results of the enquiry; and

(e) what measures have been taken by Government to evolve an ecologically served strategy to prevent and manage floods in the region ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN): (a) As per the memorandum received from Government of Jammu & Kashmir, the extent of loss of life and property and crop due to floods in the State is as under :

Human lives lost	354
No. of houses damaged (fully)	16,150
Partially	31,638
Crops damaged	2.48 lakh hect.
Livestock lost:	
Cattle/Horses	28859
Goats/Sheeps	12374

(b) Information is being collected from the State Government.

(c) Yes, Sir.

(d) and (e) Information is being collected.

Agricultural Research Institutes/Orgaaigations in Maharashtra and Uttar Pradesh

802. SHRI RAM RATAN RAM :. Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) what are the names of the Research Institutes/Organisations under the Ministry of Agriculture located in the States of Maharashtra and Uttar Pradesh; and

(b) what is the total expenditure incurred on these institutes/organisations during 1991-92?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI K C. LENKA) : (a) The names of Re-